उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

## सूचना/विज्ञप्ति

## कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के पदों पर सीधी भर्ती–2023
## कम्प्यूटर टंकण परीक्षा हेतु अर्ह अभ्यर्थियों की सूचना का प्रकाशन

संख्याःपीआरपीबी–एक–2(कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए)–15/2025(पार्ट फाइल), दिनांकः दिसम्बर, 10 2025

उत्तर प्रदेश पुलिस में कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के पदों पर सीधी भर्ती–2023 के रिक्त पदों के सापेक्ष चयन हेतु विज्ञप्ति संख्याःपीआरपीबी–एक–2(प्रोग्रामर ग्रेड–2/कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए)–2023 दिनांक 29.12.2023 के क्रम में उ0प्र0 पुलिस एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा ऑफलाइन लिखित परीक्षा दिनांक 01.11.2025 को आयोजित की गई थी।

2– उक्त भर्ती की लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्रों तथा उत्तर कुंजी पर समस्त स्रोतों से प्राप्त समस्त आपत्तियों पर गहन विचार किया गया तथा आवश्यकतानुसार विषय विशेषज्ञों के एकाधिक पैनल से अभिमत भी प्राप्त किए गये। उपरोक्त कार्यवाही के आलोक में सभी आवश्यक संशोधन बोर्ड की वेबसाइट–http://uppbpb.gov.in पर परिणाम के लिंक में उपलब्ध है। अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध संशोधित उत्तर कुंजी से अपने उत्तर पत्रक का मिलान कर सकते हैं।

3– ऑफलाइन लिखित परीक्षा के बाद कम्प्यूटर टंकण परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को आहूत करने के लिए नियमावली के प्रावधानों, विज्ञप्ति में उल्लिखित प्रक्रिया, शासनादेश एवं तदविषयक मा0 न्यायालय के आदेशों के क्रम में श्रेष्ठता एवं आरक्षण के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए विज्ञापित पदों पर चयन हेतु पर्याप्त संख्या में अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर टंकण परीक्षा हेतु आहूत किया जा रहा है।

4– विभिन्न श्रेणी के अन्तर्गत कम्प्यूटर टंकण परीक्षा हेतु बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों के कटआफ अंक निम्नवत् हैंः–

| क्रमांक | श्रेणी | लम्बवत श्रेणी | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित | भूतपूर्व सैनिक | महिला |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 135.8490528 | 83.0188656 | 80.5031424 | 129.5597448 |
| 2 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 119.4968520 | | | 80.5031424 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 125.78616 | | | 114.4654056 |
| 4 | अनुसूचित जाति | 113.207544 | | | 80.5031424 |
| 5 | अनुसूचित जनजाति | 81.761004 | | | |

5— यदि कम्प्यूटर टंकण परीक्षा में प्रत्येक श्रेणी में अपेक्षित संख्या में अभ्यर्थी सफल नहीं होते हैं, तो ऐसी स्थिति में ऑफलाइन लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों की श्रेष्ठता (merit) के आधार पर शासनादेश में अनुमन्य आरक्षण के आलोक में अतिरिक्त अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर टंकण परीक्षा हेतु आहूत किया जायेगा।

6— उक्त अभ्यर्थियों की कम्प्यूटर टंकण परीक्षा की कार्यवाही की तिथि एवं स्थान के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना बोर्ड की वेबसाइट पर पृथक से प्रकाशित की जाएगी।

7— प्रावधानों के अनुसार कम्प्यूटर टंकण परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की अभिलेखों की संवीक्षा की कार्यवाही आयोजित की जायेगी। अभिलेखों की संवीक्षा में सफल अभ्यर्थियों द्वारा ऑफलाइन लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों की श्रेष्ठता (merit) के आधार पर शासनादेश में अनुमन्य आरक्षण के आलोक में चयन के सम्बन्ध में विचार किया जायेगा।

8— यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है इसलिए इस विषय में सूचना का अधिकार अधिनियम—2005 के अन्तर्गत पृथक से कोई प्रार्थना—पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

9— यद्यपि इस सूचना को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

10— अभ्यर्थियों से यह भी अपेक्षा है कि बोर्ड की वेबसाइट—http://uppbpb.gov.in का अवलोकन करते रहें।

पुलिस उप महानिरीक्षक/अपर सचिव, भर्ती,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।

10/12/21